आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल के लिए 14. 2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दे दी है।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत, कला एवं संस्कृति विभाग आज और कल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगा।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति और परिषद के सदस्य विशाल जॉली ने प्रशासन के मुख्य सचिव के साथ क्षेत्र की प्रभावित समस्याओं पर चर्चा की।

<><><><><><><>

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति और राष्ट्रीय परिषद के सदस्य श्री विशाल जॉली ने प्रशासन के मुख्य सचिव के साथ बैठक की और क्षेत्र को प्रभावित करने वाली समस्याओं पर चर्चा की। कल हुई बैठक में चातम पुल की सुगमता और पुल की जर्जर स्थिति के कारण गर्भवती महिलाओं, बच्चों और विकलांग व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाया गया। उन्होंने चाथम जेट्टी और चाथम पुलिस स्टेशन जंक्शन के बीच इन समूहों के परिवहन के लिए फिलहाल बैटरी कारों के संचालन का सुझाव दिया, ताकि उनकी परेशानियों को कम किया जा सके। उन्होंने बिजली आपूर्ति और जल विद्युत उत्पादन से द्वीपों में बार–बार होने वाली परेशानियों पर भी चर्चा की जिसका आम जनता, व्यापारिक समुदाय और छात्रों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कलपोंग नदी पर डिगलीपुर में जल विद्युत उत्पादन परियोजना के कम प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला और इसकी दक्षता में सुधार के लिए व्यापक सुधार का सुझाव दिया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति का भी मुद्दा उठाया जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 4 की खराब स्थिति शामिल थी। दक्षिण अंडमान को उत्तर और मध्य अंडमान से जोड़ता है। लगभग 300 किलोमीटर लंबे इस राजमार्ग की खराब स्थिति एक गंभीर चिंता का विषय है। मुख्य सचिव ने सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत, कला एवं संस्कृति विभाग आज और कल राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में शाम 5 बजे से दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस समारोह का उद्देश्य स्वतंत्रता की भावना का सम्मान करना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस समारोह में देशभक्ति विषयों पर आधारित एक अंतर–महाविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता भी होगी। इस मेले में स्टॉल, स्थानीय शिल्प, खाद्य कियोस्क और इंटरैक्टिव प्रदर्शनियाँ प्रदर्शित की जाएँगी। ये उत्सव में आम जनता के लिए खुला है।

<><><><><><><>

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि दर्शकों और श्रोताओं के लिए प्रवेश की बाधाओं को न्यूनतम करने और सूचना, शिक्षा तथा मनोरंजन तक हर संभव व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस सेवा का उपयोग करने के लिए प्रतिमाह 99 रूपये या प्रतिवर्ष 999 रूपये देने होंगे। जिसकी सदस्यता शुल्क से आठ भाषाओं में 50 से अधिक टाइटल देखे जा सकेंगे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कल डाक घर बचत योजनाओं के एजेंटो की लम्बे समय से चली आ रही शिकायातों और मांगों को लेकर नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस बैठक में एजेंटो की कमीशन में की गई कटौती पर चर्चा की गई, जिसे दो हजार ग्यारह में दो प्रतिशत से घटाकर शून्य दशमलव पांच प्रतिशत कर दिया गया था। बैठक में बताया गया कि छ लाख से ज्यादा एजेंट सरकार के योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और उन्हें योजनाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करते है। इन योजनाओं में राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, आवर्ती जमा योजना शामिल है। सांसद ने कहा कि ये एजेंट जमीनी स्तर पर वित्तीय योजनाओं को लोगों तक पहुचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते है और राष्ट्र भर में बचता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते है। बैठक के दौरान वित मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस मामले पर उचित विचार किया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा बंधन का पवित्र त्यौहार भाईयों और बहनों के बीच प्रेम और विश्वास के अद्भुत बंधन को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि यह त्यौहार समाज में समरसता और एकता की भावना को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यह त्यौहार भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों को संरक्षित करने का एक अवसर भी है। यह महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने और उनका सम्मान करने के लिए सभी के दृढ़ संकल्प को सशक्त बनाता है। उन्होंने एक ऐसे खुशहाल देश निर्मित करने का वचन देने का आग्रह लोगों से किया जहां प्रत्येक महिला सुरक्षित रहे और देश के विकास में सक्रिय योगदान कर सके।

इस अवसर पर, द्वीपसमूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा यह दिव्य त्योहार भाई–बहनों के बीच प्रेम, स्नेह और सुरक्षा के शाश्वत बंधन का जश्न मनाता है –ये एक ऐसा रिश्ता है जो विश्वास, त्याग और बिना शर्त देखभाल का प्रतीक है। रक्षा बंधन केवल एक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार की एक गहन अभिव्यक्ति है जो नारीत्व का सम्मान करता है और पारिवारिक बंधनों की पवित्रता को बनाए रखता है। राखी का पवित्र धागा हमारे जीवन और समाज में महिलाओं की रक्षा और सम्मान करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

<><><><><><><>

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति और राष्ट्रीय परिषद के सदस्य श्री विशाल जॉली ने प्रशासन के मुख्य सचिव के साथ बैठक की और क्षेत्र को प्रभावित करने वाली समस्याओं पर चर्चा की। कल हुई बैठक में चातम पुल की सुगमता और पुल की जर्जर स्थिति के कारण गर्भवती महिलाओं, बच्चों और विकलांग व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाया गया। उन्होंने चाथम जेट्टी और चाथम पुलिस स्टेशन जंक्शन के बीच इन समूहों के परिवहन के लिए फिलहाल बैटरी कारों के संचालन का सुझाव दिया, ताकि उनकी परेशानियों को कम किया जा सके। उन्होंने बिजली आपूर्ति और जल विद्युत उत्पादन से द्वीपों में बार–बार होने वाली परेशानियों पर भी चर्चा की जिसका आम जनता, व्यापारिक समुदाय और छात्रों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कलपोंग नदी पर डिगलीपुर में जल विद्युत उत्पादन परियोजना के कम प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला और इसकी दक्षता में सुधार के लिए व्यापक सुधार का सुझाव दिया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति का भी मुद्दा उठाया जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 4 की खराब स्थिति शामिल थी। दक्षिण अंडमान को उत्तर और मध्य अंडमान से जोड़ता है। लगभग 300 किलोमीटर लंबे इस राजमार्ग की खराब स्थिति एक गंभीर चिंता का विषय है। मुख्य सचिव ने सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिक संस्थाने में डिग्री, डिप्लोमा और डी.एच.एम.सी.टी की बची हुई सीटों पर प्रवेश के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार ऑनलाइन पोर्टल collegeadmission.andaman.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन कल शाम चार 4 बजे तक खुला रहेगा। परामर्श सत्र 13 अगस्त को डीब्रेट के सभागार में किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों को सुबह 9.30 बजे तक सभी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>